नईदुनिया

राजनीति...। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद सिंह पटेल ने बुधवार को छिंदवाड़ा प्रवास के दौरान पूर्व मंत्री तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ के प्रबल समर्थक रहे दीपक सक्सेना के निवास पहुंचकर सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान श्री सक्सेना ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। इस अवसर पर छिंदवाड़ा भाजपा जिला अध्यक्ष व पार्टी के लोकसभा के प्रत्याशी विवेक बंटी साहू सहित जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सार्वजनिक अवकाशों में खुले रहेंगे सभी शासकीय कार्यालय

भोपाल (काप्र)।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने गत दिवस आदेश जारी कर जिले में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों के अवकाश पर निर्वाचन प्रक्रिया समाप्त होने तक प्रतिबंध रहेगा। लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत भोपाल जिले में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी के किसी भी प्रकार के अवकाश पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है। सभी प्रकार के अवकाश निर्वाचन कार्य संपन्न होने तक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अनुमति से ही स्वीकृत किये जाएंगे।

श्री सिंह ने जिले के सभी अधिकारी, कर्मचारी अपने-अपने मुख्यालय पर उपस्थित रहेगें तथा सार्वजनिक अवकाशों में भी उनके कार्यालय खुले रहेंगे। यदि शासकीय कार्य से मुख्यालय से बाहर जाना है तो उसकी अनुमति भी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त करेंगे। ऐसे कर्मचारी जो निर्वाचन आचार संहिता प्रारंभ होने के पूर्व ही अवकाश पर हैं उनके अवकाश प्रकरण जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रस्तुत करें एवं जो कर्मचारी मेडिकल अवकाश पर है उनके अवकाश मेडिकल बोर्ड की स्वीकृति उपरांत ही मान्य किये जाएंगे।

डेढ़ करोड़ नगदी सहित 31.92 करोड़ मूल्य की सामग्रियाँ जब्त

भोपाल (काप्र)।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 की आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के बाद पुलिस एवं अन्य एन्फोर्समेंट एजेंसियों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि 16 मार्च से 26 मार्च तक 1 करोड़ 58 लाख 76 हजार 450 रूपये नगद राशि सहित 31 करोड़ 92 लाख 54 हजार 401 रूपये मूल्य की सामग्रियाँ जब्त की गयी हैं।

इस दौरान 6 लाख 58 हजार 157 लीटर मदिरा भीजब्त की गयी है, इसका मूल्य 10 करोड़ 56 लाख 21 हजार 800 रूपये है। इसी तरह 4 करोड़ 53 लाख 33 हजार 8 रूपये मूल्य के 8 हजार 696 किलोग्राम ड्रग्स और 3 करोड़ 32 लाख 52 हजार 934 रूपये मूल्य की 152 किलोग्राम से अधिक कीमती धातुएँ जब्त की गई हैं। साथ ही 11 करोड़ 91 लाख 70 हजार 209 रूपये मूल्य की अन्य सामग्रियाँ (रेडीमेड, गारमेंटस् आदि) जब्त की गई हैं।

दूसरे चरण के लिए आज से भरे जाएंगे नाम निर्देशन पत्र

अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के दूसरे चरण में मध्यप्रदेश के 7 लोकसभा क्षेत्रों में 28 मार्च से नाम निर्देशन पत्र भरे जायेंगे। श्री राजन ने बताया कि प्रदेश में 4 चरणों में लोकसभा चुनाव होने हैं। दूसरे चरण में लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक- 6 टीकमगढ़ (अजा), क्रमांक-7 दमोह, क्रमांक-8 खजुराहो, क्रमांक-9 सतना, क्रमांक-10 रीवा, क्रमांक-17 होशंगाबाद और क्रमांक- 29 बैतूल (अजजा) में मतदान कराया जायेगा। दूसरे चरण के लिए निर्वाचन अधिसूचना गुरूवार, 28 मार्च को जारी होगी। प्रत्याशियों द्वारा इसी दिन से नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये जाएंगे। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख 4 अप्रैल है। इसके अगले दिन 5 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र भर चुके अभ्यर्थी 8 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। सभी चरणों के मतदान की मतगणना 4 जून 2024 को होगी।

अभ्यर्थी सहित 5 व्यक्ति ही आरओ कक्ष में कर सकेंगे प्रवेश

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि नामांकन भरने पहुंचे अभ्यर्थी के साथ 4 व्यक्ति ही रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे। 100 मीटर के अंदर केवल तीन वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। नामांकन भरने की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से शुरू होगी और दोपहर 3 बजे तक चलेगी। 3 बजे के उपरांत कक्ष में किसी भी व्यक्ति को प्रवेश करने अथवा दस्तावेज लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अभ्यर्थियों को सभी सुसंगत एवं आवश्यक दस्तावेज जैसे नामांकन फार्म जमानत राशि का प्रमाण, प्रारूप-ए एवं बी, शपथ पत्र आदि के साथ आरओ कक्ष में आना होगा। यदि अभ्यर्थी उसी निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नहीं है, जहां से वह चुनाव लड़ रहा है तो अभ्यर्थी को संबंधित निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली की प्रति या निर्वाचक नामावली से संबंधित भाग की प्रमाणित प्रति दाखिल करनी होगी। एक अभ्यर्थी एक ही निर्वाचन क्षेत्र के लिए 4 नामांकन पत्र दाखिल कर सकता है। इनको एक साथ या पृथक से जमा किया जा सकता है। नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राॅफी भी कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन के दूसरे चरण की अधिसूचना 28 मार्च को जारी होने के साथ ही नाम निर्देशन पत्र भरने की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी।

बालाघाट लोकसभा के तीन विधानसभा क्षेत्रों में सुबह 7 से शाम 4 बजे तक होगा मतदान

श्री राजन ने बताया कि पहले चरण में प्रदेश के 6 लोकसभा क्षेत्रों में 19 अप्रैल को मतदान होगा। बालाघाट लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत आने वाले तीन विधानसभा क्षेत्रों में सुबह 7 से शाम 4 बजे तक और बाकी जगहों पर सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। श्री राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-11 सीधी, क्रमांक-12 शहडोल (अजजा), क्रमांक-13 जबलपुर, क्रमांक-14 मंडला (अजजा) तथा क्रमांक-15 बालाघाट के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 112- वारासिवनी, 113- कटंगी, 114- बरघाट, 115- सिवनी और लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 16-छिन्दवाड़ा में मतदान प्रक्रिया सुबह 7 से शाम 6 बजे तक चलेगी। जबकि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-15 बालाघाट के ही अंतर्गत आने वाले तीन विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-108 बैहर, 109- लांजी और 110-परसवाड़ा में मतदाता सुबह 7 से शाम 4 बजे तक मतदान कर सकेंगे।

मप्र कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष बने मुकेश नायक

प्रदेश अध्यक्ष के मीडिया सलाहकार होंगे मिश्रा

भोपाल । प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मप्र कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग का पुर्नगठन कर उसे तत्काल प्रभाव से लागू किये जाने के निर्देश जारी किये हैं। मध्यप्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार मप्र कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष के.के. मिश्रा को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष का मीडिया सलाहकार मनोनीत किया गया है। वहीं पूर्व मंत्री मुकेश नायक को प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग का अध्यक्ष बनाया गया है।

इसके अलावा सर्वश्री भूपेन्द्र गुप्ता, मृणाल पंत, शैलेन्द्र पटेल, कुणाल चौधरी, विपिन वानखेड़े, विनय सक्सेना, सुश्री निशा बांगरे, श्रीमती रोशनी यादव और अब्बास हफीज को प्रदेश कांग्रेस कमेटी में मुख्य प्रवक्ता मनोनीत किया गया है। इसके साथ ही सर्वश्री डॉ. अशोक मर्सकोले, बैजनाथ कुशवाहा, रवि सक्सेना, अमित शर्मा, राम पाण्डेय, मिथुन अहिरवार, रवि वर्मा, सुश्री फरहाना खान, आर.पी. सिंह, स्वदेश शर्मा, सुश्री संगीता शर्मा, अवनीश बुंदेला, राजकुमार केलू उपाध्याय, योगेश यादव, विवेक त्रिपाठी, सुश्री अपराजिता पाण्डेय, संतोष गौतम, आनंद जाट, अभिनव बरोलिया, सुश्री स्पर्श चौधरी, सुश्री अवनी बंसल और सुश्री रीना बोरासी को प्रदेश कांग्रेस कमेटी में प्रवक्ता मनोनीत किया गया है।

आदिवासी छात्रों की छात्रवृत्ति अटकी

भोपाल (काप्र)।

मप्र में आदिवासी छात्रों की छात्रवृत्ति रुक गई है। करीब 7 लाख से अधिक छात्रों के पैसे केंद्र सरकार के पास अटकी हुई है। यह स्थिति जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण उत्पन्न हुई है।

अधिकारियों के इस लापरवाही का नतीजा अब प्रदेश के आदिवासी छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि केंद्र ने मप्र को सिर्फ पोस्ट मीट्रिक छात्रवृत्ति का 140 करोड़ रुपए ही जारी किया है। जबकि छात्रवृत्ति का 468 करोड़ रुपए अभी तक केंद्र सरकार से नहीं मिला है, जबकि ये वित्तीय वर्ष खत्म होने जा रहा है। गौरतलब है की प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में आदिवासी समाज है। इस समाज के लिए सरकार के खजाने हमेशा खुले रहते हैं। लेकिन प्रदेश के आदिवासी और अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र-छात्राओं के साथ केंद्र और राज्य दोनों के भेदभाव की इस खबर ने सभी को चौका दिया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 का करीब 7 लाख से ज्यादा छात्र-छात्राओं को मिलने वाली छात्रवृत्ति का 468 करोड़ रुपए अभी तक केंद्र सरकार से नहीं मिला है, जबकि ये वित्तीय वर्ष खत्म होने जा रहा है। केंद्र ने मप्र को सिर्फ पोस्ट मीट्रिक छात्रवृत्ति का 140 करोड़ रुपए ही जारी किया है। उधर, समेकित छात्रवृत्ति और वृहद निर्माण कार्यों को कराने विभाग के पास पैसे की कमी नहीं है, लेकिन छात्र-छात्राओं के मामले में कंजूसी बरती जा रही है।

500 करोड़ के बजट का प्रावधान : वित्त विभाग केंद्र सरकार से मिलने वाले फंड की मॉनिटरिंग करता है। इसके तहत इस साल 11वीं एवं 12वीं सहित महाविद्यालयीन छात्रों के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करने 500 करोड़ रुपए का बजट का प्रावधान किया गया था। इसमें से राज्य सरकार ने अपने बजट से 125 करोड़ रुपए तो जारी कर दिए, लेकिन केंद्र से मिलने वाले 375 करोड़ रुपए की राशि अभी तक नहीं मिली है। वहीं 9वीं एवं 10वीं के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति देने 125 करोड़ के बजट प्रावधान में से राज्य सरकार ने 31.25 करोड़ की राशि रखी और केंद्र से मिलने वाले 93.75 करोड़ रुपए अभी तक नहीं मिल सके हैं, जिससे करीब 7 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं -छात्राएं छात्रवृत्ति के लाभ से वंचित हैं। वैसे केंद्र से विशेष पिछड़ी जनजातियों का विकास के लिए मिलने वाले 100 करोड़ तथा जनजाति संस्कृति का संवर्धन अनुसंधान और ट्रेनिंग का भी 10 करोड़ रुपए मप्र को नहीं दिया है।

भाराछासं और युकां के नेता भाजपा में शामिल

भोपाल (काप्र)।

भाजपा प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, वरिष्ठ नेता विनोद गोटिया एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल के समक्ष भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को नर्मदापुरम जिले के भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन नगर इकाई और जिला युवक कांग्रेस के पूर्व जिला महामंत्री व छात्र नेता समीर जायसवाल सहित 20 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं, युवाओं के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी नेताओं ने अंगवस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया।

भाजपा में शामिल होने वालों में श्रीमती रीनू मौर्य, सुश्री प्रियंका पटेल, कवि केवट, दीपिका चौहान, नमन भार्गव, पंकज बिलरवान, सुश्री नैंसी नामदेव, संजय जायसवाल, जितेन्द्र साहू, सुश्री रोशनी शाक्य, किशन चौबे, प्रशांत मौर्य, कुलदीप कुशवाह, सौरभ गौर, सुश्री पायल नामदेव, सुश्री पूजा मौर्य, ऋतु मौर्य, सुश्री विशाखा विश्वकर्मा और देवास के पूर्व पार्षद कर्नावट सुरेश डाबी शामिल हैं।

भगवानदास सबनानी ने पार्टी में शामिल हुए कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गरीब कल्याण, सुशासन और विकास कार्यों के साथ भाजपा की रीति-नीति से प्रभावित होकर बूथ स्तर तक के लोक भाजपा में शामिल हो रहे हैं। कांग्रेस पूरे देश में धराशायी हो गई है। कांग्रेस पार्टी हताशा व निराशा के दौर से गुजर रही है, राष्ट्रवादी सोच के लोग लगातार कांग्रेस छोड़ रहे हैं। भाजपा का परिवार लगातार बढ़ रहा है, यह देश की जनता का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अटूट विश्वास है।

बिहार में स्टार प्रचारक बने मुख्यमंत्री मोहन यादव

भोपाल (काप्र)।

लोकसभा चुनाव 2024 का बिगुल बज गया है। राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियां भी तेज कर दी है। बीजेपी ने बिहार में अपने स्टार प्रचारकों को लिस्ट जारी कर दी है। जिसमें मध्य प्रदेश के मुखिया मोहन यादव को भी स्थान में मिला है।

एमपी की तरह बिहार के लिए हाईकमान ने 40 नामों की सूची की जारी की है। जातिगत फैक्टर के लिहाज से बिहार में लगातार मोहन यादव कर रहे प्रचार कर रहे हैं। मोहन यादव एमपी के साथ बिहार और यूपी में भी दौरे कर चुके हैं। गौरतलब है कि बिहार में 2024 के लिए लोकसभा चुनाव सात चरणों में होने वाले हैं, जो 19 अप्रैल से शुरू होकर 1 जून को समाप्त होंगे। यह चुनाव महत्वपूर्ण हैं क्योंकि बिहार में 40 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र हैं, जो इसे भारतीय राजनीति में सबसे महत्वपूर्ण राज्यों में से एक बनाता है। लोकसभा में चौथी सबसे अधिक सीटें होने की वजह से बिहार में इस बार भी 7 चरणों में चुनाव होने हैं। बिहार में पहले चरण में 4, दूसरे-तीसरे, चौथे और पांचवें चरण में 5-5, छठे-सातवें फेज में 8-8 सीटों पर वोटिंग होगी।

कमलनाथ महाकौशल, अरुण व उमंग संभालेंगे मालवांचल

भोपाल (काप्र)।

लोकसभा चुनाव के लिए मध्य प्रदेश में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मैदान संभालेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और कांतिलाल भूरिया स्वयं चुनाव लड़ रहे हैं, इसलिए अभी वे अपने चुनाव पर फोकस करेंगे। जबकि, कमल नाथ महाकौशल, विवेक तन्खा बुंदेलखंड, अरुण यादव और उमंग सिंघार मालवांचल, अजय सिंह विंध्य और डॉ. गोविंद सिंह ग्वालियर-चंबल अंचल की सीटों को देखेंगे।

उधर, भाजपा ने भी वरिष्ठ नेताओं को मैदान में उतार दिया है। प्रदेश को सात क्लस्टर में बांटकर उसके प्रभारी बनाए गए हैं। ग्वालियर-चंबल में भूपेंद्र सिंह, महाकोशल में कैलाश विजयवर्गीय, बुंदेलखंड में डा.नरोत्तम मिश्रा, विंध्य में प्रहलाद सिंह पटेल, मालवांचल में जगदीश देवड़ा और विश्वास सारंग के साथ मध्य भारत अंचल में राजेंद्र शुक्ल मोर्चा संभालेंगे।

भारतीय जनता पार्टी जहां प्रदेश की सभी 29 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही है तो कांग्रेस के सामने अपना वजूद बनाए रखने की चुनौती है। विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस ने रणनीति के तहत उन सीटों पर फोकस किया है जहां विधानसभा चुनाव में उसे मतदाताओं का सहारा मिला था। पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ की महाकोशल अंचल में पकड़ है इसलिए उन्हें इसी अंचल की सीटों पर सक्रिय होने के लिए कहा गया है। वे विधानसभा चुनाव के बाद से छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र में ही सक्रिय हैं। दो बार सभी विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर चुके हैं। यहां से उनके बेटे नकुल नाथ चुनाव लड़ रहे हैं। बैतूल, बालाघाट और जबलपुर में कमल नाथ समर्थक बड़ी संख्या में हैं।

अजय सिंह का विंध्य में है प्रभाव

पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह का विंध्य में प्रभाव है। इसे देखते हुए उन्हें रीवा, सीधी, सतना समेत आसपास की सीटों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा है। चूंकि, अरुण यादव अब चुनाव नहीं लड़ रहे हैं इसलिए उन्हें मालवा और निमाड़ के क्षेत्र में सक्रिय किया जा रहा है तो उमंग सिंघार मालवांचल की आदिवासी सीटों पर काम करेंगे। दोनों का यहां जनाधार है। विवेक तन्खा को सागर संभाग और डा.गोविंद सिंह को ग्वालियर-चंबल अंचल पर ध्यान देने के लिए कहा है। डा.सिंह मुरैना से लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं। ग्वालियर और भिंड क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के बीच उनकी स्वीकार्यता भी है। इसके साथ ही पार्टी ने सभी 29 लोकसभा सीटों के लिए प्रभारी भी नियुक्त कर दिए हैं। उधर, भाजपा ने सभी 29 सीटों को जीतने के लिए प्रदेश को सात क्लस्टर में बांटकर वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी दी है। प्रबंधन कौशल में माहिर पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह को ग्वालियर-चंबल अंचल का प्रभारी बनाया है। वे विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के भरोसेमंद हैं। तोमर की रणनीति को जमीन पर उतारने का काम भूपेंद्र सिंह ही करेंगे। उल्लेखनीय है कि मुरैना, ग्वालियर और भिंड लोकसभा क्षेत्र से तोमर समर्थकों को प्रत्याशी बनाया गया है।

विजयवर्गीय को महाकौशल की जिम्मेदारी

महाकौशल अंचल की जिम्मेदारी संगठन कौशल और चुनाव प्रबंधन में माहिर कैलाश विजयवर्गीय को दी गई है। वे कांग्रेस के अभेद गढ़ छिंदवाड़ा को भेदने के लिए दो-तीन बार दौरा कर चुके हैं। कांग्रेस के कई नेताओं का दलबदल उनके मार्गदर्शन में हुआ तो वे अब बूथ प्रबंधन की जमावट में जुटे हैं। खजुराहो समेत बुंदेलखंड क्षेत्र की अन्य सीटों का जिम्मा डा.नरोत्तम मिश्रा को दिया है तो विंध्य में प्रहलाद सिंह पटेल, मालवांचल में जगदीश देवड़ा और विश्वास सारंग के साथ मध्य भारत अंचल में राजेंद्र शुक्ल मोर्चा संभालेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा संसदीय क्षेत्र में स्वयं के लिए प्रचार करने के साथ अलग-अलग सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में सभाएं करने के लिए जाएंगे। मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव पहले चरण के नामांकन पत्र जमा करने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद दूसरे चरण में शामिल सीटों पर जाएंगे। सभी मंत्रियों और विधायकों को अपने-अपने क्षेत्र में आने वाली लोकसभा सीटों पर ध्यान देने के लिए कहा गया है।